हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024
सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



**खबर संक्षेप**

### बागबाहरा से चंडी मंदिर मार्ग चौड़ीकरण क़ो लेकर सौंपा ज्ञापन

**बागबाहरा।** नगर पालिका इंडोर स्टेडियम के शुभारंभ में पहुंची महासमुंद लोकसभा की सांसद रूपकुमारी चौधरी को पार्षद लोकेश्वर चंद्राकर द्वारा बागबाहरा रेलवे फाटक से चंडी मंदिर मार्ग करीब 5 किलोमीटर की दूरी को चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। पार्षद चंद्राकर ने बताया कि बागबाहरा क्षेत्र में स्थित मां चंडी मंदिर दर्शन करने के लिए देश विदेश से लोग पहुंचते है, जिससे दर्शनार्थियों क़ो आवाजाही में बहुत ही परेशानी होती है। मंदिर मार्ग में विद्युत नहीं होने से अंधेरा भी बहुत रहता है, जिससे जंगली जानवर का भी डर बना रहता है, इसीलिए मार्ग में सौंदर्यीकरण के रूप में रोड डिवाइडर बनाकर विद्युत व्यवस्था करने की मांग की है।

### सूने मकान से नकदी-जेवर पार, 5 लाख की चोरी

**रायपुर।** मुजगहन थाना में केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक कर्मचारी ने अज्ञात चोर के खिलाफ नकदी 50 हजार रुपए सहित पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत की सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कांदुल रोड स्थित वॉलफोर्ट पैराडाइज निवासी प्रवीण कुमार सिवान ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। प्रवीण ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पूर्व 19 अक्टूबर को वह अपने परिवार सहित दिल्ली गया था।

### मकान खाली करने के एवज में मांगे 10 लाख

**रायपुर।** राजेंद्र नगर थाने में एक महिला अपने किराएदार के खिलाफ मकान खाली करने के एवज में 10 लाख रुपए मांग करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। खुशी वाटिका निवासी सुगंधा सिंह भंडारी ने संजय सिंह तथा अनिल मोहंती के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने आरोप लगाया है कि दोनों उनके परिचित हैं, इसलिए उन्हें रहने के लिए अपने मकान को किराए पर दिया था।

# अल्का ने रेफरल कोड से बनाए 3 हजार के लक्ष्य के मुकाबले 10 हजार भाजपा सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देशभर में संगठन महापर्व के रूप में चलाए जा रहे सदस्यता महाअभियान के अंतर्गत सक्रिय भूमिका निभाते हुए भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं 2023 विधानसभा चुनाव में खल्लारी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रहीं अल्का चंद्राकर ने अपने रेफरल कोड के माध्यम से 10 हजार से अधिक नए लोगों को भाजपा सदस्य बनाने का कार्य पूर्ण किया है।



भाजपा संगठन पर्व सदस्यता अभियान के अंतर्गत श्रीमती चंद्राकर को पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश पदाधिकारी के नाते 3000 सदस्य जोड़ने का लक्ष्य दिया गया था, जिसे पार करते हुए अपने लक्ष्य से कहीं अधिक 10 हजार नए लोगों को पार्टी से जोड़ने में उन्होंने सफ़लता हासिल की हैं।

उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षों से श्रीमती चंद्राकर भाजपा के संगठनात्मक दायित्वों का सक्रियता से निर्वहन कर रही हैं। इससे भाजपा महिला मोर्चा द्वारा पूरे देशभर में चलाए गए लाभार्थी सेल्फी अभियान के अंतर्गत श्रीमती चंद्राकर द्वारा उत्कृष्ट कार्य करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम 7 स्थान पर रही थीं। श्रीमती चंद्राकर ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों, विकसित भारत बनाने के संकल्प तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के कार्यों से प्रभावित होकर गांव-गांव में लोग स्वतः ही भाजपा से जुड़ रहे हैं। खासकर महिलाएं। इस अभियान के तहत भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा खल्लारी विधानसभा में अब तक 50 हजार से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया जा चुका है। इस उपलब्धि पर प्रदेश नेतृत्व किरण देव सिंह, पवन साय, रामप्रताप सिंह, विधायक पुरंदर मिश्रा, राजू योगेश्वर सिन्हा, संपत अग्रवाल, अनुराग सिंह देव, सरला कोसरिया सहित खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के अनेक भाजपा पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

# गद्य और पद्य के मध्य लकीर खींचना कठिन

## वीरेंद्र बहादुर सिंह महाविद्यालय में व्याख्यान माला का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी सप्ताह के अंतर्गत हिंदी की गद्य विधाएं विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन प्राचार्य पीके भोई के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के समापन दिवस में साहित्य में गद्य और पद्य विषय पर व्याख्यान हुआ।




इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रवीण प्रवाह- साहित्यकार एवं गज़लकार (शृंखला साहित्य मंच के संस्थापक एवं अध्यक्ष) रहे। स्वागत संभाषण डॉ. चंद्रिका चौधरी एवं मार्गदर्शन एवं आशीर्वचन विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या भोई, अध्यक्षीय उद्बोधन महाविद्यालय के राजनीति विभाग के विभागाध्यक्ष यूके बरिहा का रहा। मुख्य अतिथि प्रवीण प्रवाह ने साहित्य के मौलिक लेखन पर रोचक, सारगर्भित एवं महत्त्वपूर्ण ज्ञान साझा करते हुए कहा कि अब गद्य और पद्य के मध्य लकीर खींचना कठिन हो गया है। अज्ञेय और मुक्तिबोध की रचनाओं में गद्य के लक्षण दिखाई देते हैं तो नवयुग की कहानियों और उपन्यासों में पद्य से युक्त पंक्तियां मिल जाती हैं। उन्होंने साहित्यिक अनुभव के रूप में अपने गजलों का पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार एवं आभार प्रदर्शन आरती साहू ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षा के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# चिरको महाविद्यालय में समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद।** शासकीय नवीन महाविद्यालय चिरको में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में प्रभारी प्राचार्य एचएल दीवान के निर्देशन में पुलिस स्मृति दिवस पर समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर व राष्ट्रगान गायन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पटेवा थाना प्रभारी विनोद कश्यप ने समाज में व्याप्त बुराइयों एवं बढ़ रहे साइबर अपराध के विषय में छात्र-छात्राओं को विस्तार से बताया एवं इससे समाज को बचाने उपाय के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। अपने उद्बोधन में टीआई कश्यप ने पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जागरुकता अभियान के बारे में बताया।




साथ ही मानव समाज को साइबर अपराध से बचाने के लिए महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं से सहयोग करने की अपील की। संस्था प्रमुख एचएल दीवान ने ऑनलाइन डिजिटल अरेस्ट साइबर क्राइम के बारे मुख्य वक्ता के साथ जानकारी छात्रा-छात्राओं से साझा किया गया। तत्पश्चात कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं ने मुख्य वक्ता से विभिन्न प्रश्न पूछकर जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पटेवा थाना से आरक्षक नरेश जोशी, अनिल गिलहरे, नरेश वर्मा, अर्चना जायसवाल उपस्थित शामिल हुए।

कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक तरूण कुमार ध्रुव ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक मनहरण ठाकुर, लता भोई, डा. जीवनलाल चंद्राकर, राखी यदु, प्रेमलता सेंदरिया, हेमलता नायक, हेमलाल सोनवानी साथ ही समस्त महाविद्यालयीन छात्र/छात्राए उपस्थित रहे।

# महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण और पोस्टर स्पर्धा का आयोजन

**महासमुंद।** श्याम बालाजी महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों द्वारा पौधारोपण तथा पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अंकिता चंद्राकर ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति छात्र–छात्राओं को जागरुक करते हुए कहा कि हमें अगली पीढ़ी के लिए पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए।



इसके तहत हमारे द्वारा उठाए गए छोटे–छोटे कदम काफी महत्वपूर्ण साबित हो सकते है। पर्यावरण सुरक्षा न केवल सामाजिक जरूरत है, बल्कि यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी हैं। पेड़-पौधों की कमी से निरंतर पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए पौधारोपण जरूरी है। बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई से पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है। लोग अपने स्वार्थ के लिए पेड़ों को काट रहे हैं। पर्यावरण हरा-भरा रहेगा, तभी जीवन भी सुरक्षित रहेगा। पौधारोपण कर छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अंकिता चंद्राकर तथा सहायक प्राध्यापिका उमा चौधरी, सहायक प्राध्यापक निर्मल बंजारे (कार्यक्रम अधिकारी रासेयो), टोपलाल कुर्रे, आशी चंद्राकर व रेणुका धीवर उपस्थित थे।



### दीपोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद।** श्याम विद्या मंदिर, उमावि एवं श्याम अंग्रेजी माध्यम स्कूल में दीपोत्सव पर्व के उपलक्ष्य में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें थाली सजाओ, रंगोली व कलश सजाओ प्रतियोगिता हुई। इसमें विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय सभा कक्ष में रंगोली कलश, थाल सजावट किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी विद्यार्थियों प्रथम कक्षा 12वी झरना ग्रुप, द्वितीय कक्षा 11वी मीनाक्षी ग्रुप, तृतीय कक्षा 10वी हिमांशी ग्रुप, चतुर्थ कक्षा 9वी किंजल ग्रुप रहे। उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्थापक हेमंत चंद्राकर, सचिव तारा चंद्राकर, प्राचार्य तेजबहादुर सिंह, प्रधानाचार्य मीना राजपूत, शिक्षकगण अमित लामा गीतांजलि यादव, उमा दीवान, योगिता यादव आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में गीतांजलि यादव एवं उमा दीवान का विशेष सहयोग रहा। उक्त जानकारी संस्था मीडिया प्रभारी मीना राजपूत ने दी है।

# दीपावली के पहले हितग्राहियों को मिल जाएगा पेंशन लाभ : देवीचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगरीय क्षेत्र के वृद्धा पेंशन सुखद सहारा एवं अन्य सभी पेंशन जो दो माह के लंबित थे वे सभी हितग्राहियों के बैंक खातों में आरटीजीएस नगर पालिका एवं समाज कल्याण विभाग से किया जा रहा है। वार्ड नं. 10 पार्षद एवं भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक देवीचंद राठी ने बताया कि दीपावली के पहले हितग्राहियों को पेंशन का लाभ मिल जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिला स्तरीय बैठक में प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल के आगमन पर उन्हें ज्ञापन देकर अवगत कराया गया था कि गरीबों का पेंशन लंबित है, जिस प्रर शीघ्र कार्रवाई कर 15 दिनों के अंदर सभी के खाते में पेंशन राशि पंहुच रही है। पार्षद राठी ने गरीबों के पेंशन के लिए तत्काल कार्रवाई पर प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त किया।



राठी ने आगे बताया कि कांग्रेस के शासनकाल में स्वीकृत राष्ट्रीय परिवार सहायता राशि जो 2-3 वर्षो से लंबित है, अब तक हितग्राहियों के खाते में नही पहुंच पा रही थी। यह राशि मुखिया के निधन पर गरीब परिवार के आश्रित को 20000 हजार रुपए दिया जाता है। जिसके लिए भी प्रयास किया गया तथा सभी लंबित हितग्राहियों के खातें में राष्ट्रीय परिवार सहायता की राशि पहुंच गई है। इस योजना के हितग्राहियों से अनुरोध है कि किसी के झांसे में आकर रिश्वत न दे, आपके बैंक खाते में यह राशि समाज कल्याण विभाग से सीधे जाएगी। हरकत और मनमानी जारी रही तो मुख्य नगर पालिका अधिकारी का शीघ्र घेराव किया जाएगा तथा राज्य सरकार को शिकायत की जाएगी। गरीबों के साथ अन्याय, धोखाधड़ी भ्रष्टाचार बर्दाश्त नही की जाएगी।

# विद्यालय में प्रदूषण रहित दीपावली मनाने विविध प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

दीपावली के अवकाश के पूर्व सिरबोड़ा विद्यालय प्रांगण में प्रदूषण रहित दीपावली मनाने के उद्देश्य से विविध गतिविधियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रधानपाठक धर्मेंद्र नाथ राणा के नेतृत्व में किया गया, जिसमें पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने पर बल दिया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ, जिसमें सरपंच प्रतिनिधि संतलाल बारीक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधानपाठक धर्मेंद्र नाथ राणा ने दीपावली के पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व को बताते हुए विद्यार्थियों को पटाखों से होने वाले प्रदूषण और उससे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बच्चों और शिक्षकों को दीपावली की बधाई और शुभकामनाएं भी दीं। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दिया सजाओ प्रतियोगिता में खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कस्तूरी और चेतना को दूसरा स्थान मिला। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में तनुजा ने प्रथम और अमृता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं बालवाड़ी से सान्वी और खुशबू क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में मिडिल से वर्षा और प्राइमरी से कुलदीप प्रथम रहे। जबकि रंगोली प्रतियोगिता में सरिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त सुआ नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों और शिक्षकों ने मिलकर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को मनमोहक अंदाज में प्रस्तुत किया। नृत्य का निर्देशन महेश कुमार साहू द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रधानपाठक हीरालाल साहू ने बच्चों को इस दीपावली को पर्यावरण-संरक्षण के साथ मनाने की प्रेरणा दी। साथ ही सुरक्षित शनिवार के तहत भूकंप से बचाव के तरीकों पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम का संचालन कमलेश बारिक ने किया और निर्णायक मंडल में क्षिरोद्र कुमार चौधरी, अनिता साहू और महेश कुमार साहू ने अपनी भूमिका निभाई।

समापन पर सभी विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय के शिक्षकगण क्षिरोद्र कुमार चौधरी, अनिता साहू, महेश कुमार साहू, कमलेश बारिक एवं विद्यालय स्टाफ के महेंद्र नायक, धरणीधर नायक, बेलमती नायक, जयदेव बुडेक और पिंटू ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

# अफसरों ने वार्डों में किया मतदाता सूची का भौतिक सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगरीय निकाय निर्वाचन के प्रारंभिक मतदाता सूची नामावली का भौतिक सत्यापन के लिए शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पांडेय ने बीएलओ के साथ नयापारा एंव सुभाष नगर वार्डों का मौका निरीक्षण कर प्रारंभिक मतदाता सूची सत्यापन किया। इस दौरान बीएलओ से मतदाता सूची में दावा-आपत्ति आदि की जानकारी लेकर कहा कि जिन मोहल्ले में मतदाता इधर से उधर हुऐ है उन मतदाताओं को त्रुटि रहित कर वोटर लिस्ट तैयार करें। 20 से अधिक घरों का भौतिक सत्यापन करने के बाद एसडीएम पैकरा ने कहा कि निर्वाचन विभाग की मंशा है कि सभी को चुनाव लड़ने का अवसर मिले और निष्पक्ष तथा निर्भीक चुनाव हो जिसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मतदाता सूची में गड़बड़ी करने वाले किसी भी अधिकारी-कर्मचारियों को बख्शा नहीं जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी ने मतदाताओं को वोटर हेल्पलाइन नम्बर का उपयोग करने की अपील की। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी विजय पांडेय, गुमान सिंह ध्रुव, ललित साहू, चंद्रशेखर पाटकर, शुभम सोना आदि उपस्थित रहे।







# उन्नति दिव्यांग कल्याण संघ में नई कार्यकारिणी का गठन

**महासमुंद।** उन्नति दिव्यांग कल्याण संघ महासमुंद द्वारा संस्थान के विकास, दिशा-निर्देशन और लक्ष्यों की ओर उन्नति के लिए एक आम चुनाव का आयोजन किया गया। जिसमें नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। संस्था के इस कार्यकारिणी विस्तार का उद्देश्य दिव्यांगजनों के अधिकारों की रक्षा, उनके समावेशन और समुचित विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य करना है। चुनाव में जिले के पांचों विकासखंडों के समिति सदस्यों की उपस्थिति ने इसे एक विशेष महत्व दिया। चुनाव में आब्ज़र्वर के रूप में मोतीलाल बारीक़ तथा ओम प्रकाश रजक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। परिणाम की घोषणा राज्य सलाहकार संदीप राय की उपस्थिति में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. सुरेश शुक्ला द्वारा किया गया। चुनाव के दौरान सर्वसम्मति से नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष पद के लिए बुधराम साहू, सचिव प्रीतम बंजारे, कोषाध्यक्ष लछवन्ति और उपाध्यक्ष के रूप में बालमोती निषाद का चुनाव किया गया। सभी पदाधिकारियों ने अपने पदभार ग्रहण किए और दिव्यांगजनों के कल्याण हेतु निष्ठापूर्वक कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई। अध्यक्ष बुधराम साहू ने अपने पहले वक्तव्य में कहा कि उनके नेतृत्व में संस्था दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य केवल दिव्यांगजनों को सहायता प्रदान करना नहीं है, बल्कि उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और समाज में उनकी बराबरी की भूमिका को सुनिश्चित करना भी है। संघ के सचिव प्रीतम बंजारे ने कहा कि संघ की नई कार्यकारिणी प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता और समयबद्धता पर विशेष ध्यान देगी। उन्होंने कहा कि वह सभी दिव्यांगजनों की समस्याओं का समय पर समाधान करने के लिए तत्पर रहेंगे। संघ की कोषाध्यक्ष लछवन्ति ने वित्तीय पारदर्शिता और संस्था के संसाधनों के कुशल उपयोग का वादा किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए नयी योजनाओं और परियोजनाओं में निवेश के साथ-साथ संघ की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उपाध्यक्ष बालमोती निषाद ने कहा कि वह दिव्यांगजनों के हितों को प्राथमिकता देने के लिए विशेष अभियानों का संचालन करेंगी और संघ की पहुँच को बढ़ाने में योगदान देंगी।

### समाज में जागरूकता और समर्थन का आह्वान

संस्था ने इस अवसर पर समाज के प्रत्येक नागरिक, संगठनों, और सरकार से भी दिव्यांगजनों के लिए समावेशी और सम्मानजनक परिवेश बनाने की दिशा में सहयोग की अपील की। संघ का मानना है कि दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक समर्थन बेहद महत्वपूर्ण हैं। संघ का यह कदम न केवल दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए एक पहल है, बल्कि समाज में समानता, सम्मान और समावेशन प्रोत्साहित करने का भी एक माध्यम है।

### चुनाव प्रक्रिया में सभी विकासखंडों की भागीदारी

जिले के पांचों विकासखंडों बसना, सरायपाली, बागबाहरा, पिथौरा और महासमुंद से समिति के सदस्य इस महत्वपूर्ण चुनाव प्रक्रिया में शामिल हुए। इस प्रकार की व्यापक भागीदारी ने चुनाव प्रक्रिया को सफल और पारदर्शी बनाया। संघ के आगामी लक्ष्यों की प्राप्ति में सहयोग का वचन दिया। चुनाव के उपरांत संघ ने एक वार्षिक कार्यक्रम की घोषणा की, जिसमें दिव्यांगजनों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, और कौशल विकास से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर यह आश्वासन दिया कि संस्था के उद्देश्यों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाया जाएगा।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 22.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, रविवार 27 अक्टूबर 2024

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड



14 सावित्रीपुर स्कूल में परख परीक्षा से जांचा गया शिक्षा ...



14 विद्यालयीन कर्मचारियों को सम्मान राशि व मिठाई भेंट ...














## खबर संक्षेप

### बाइक की टक्कर से दो लोग घायल

**महासमुंद**। एक्सीडेंट के दो अलग-अलग मामलों में बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। पहला मामला ग्राम ताला का है, जिसे लेकर पुलिस ने बताया कि हितेश साहू और उसकी पत्नी ललिनी साहू व पुत्री अवनी साहू (डेढ़ साल) बाइक से कैलाशपुर से ग्राम ताला आ रहे थे। इसी दौरान भिखापाली के पास बाइक एचएफ डीलक्स क्र. सीजी06 जीएच 2427 के चालक अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर गलत साईड में आकर सामने से उसके मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। घटना में हितेश के दाहिने पैर, दाहिने हाथ, उसकी पत्नी ललिनी के दोनों पैर के घुटने व अन्य जगह, पुत्री अवनी के दाहिने पैर के जांघ चेहरा में चोटें आई। वहीं पर आरोपी मोटर सायकल चालक भी गिरा था, जिसने अपना नाम पदुम साव पिता मोहन साव पुरूषोत्तमपुर बताया। पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामले में जुर्म दर्ज कर लिया है।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट

**महासमुंद**। जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को कुदारीबाहरा के झारू साहू ने बताया कि 25 अक्टूबर की रात रात्रि 8 बजे के आसपास उसके घर के सामने ग्राम कुदारीबाहरा का पंचराम साव द्वारा जमीन विवाद को लेकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का तथा हंसिया से मारपीट की गई। साथ ही उसकी बहन के साथ भी मारपीट की घटना हुई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।
वहीं दूसरे पक्ष के पंचराम साव ने बताया कि 25 अक्टूबर की रात 8 बजे के आसपास उसके घर के सामने ग्राम कुदारीबाहरा के जारू साहू एवं बिहारी साहू द्वारा जमीन विवाद की बात को लेकर गाली गलौज व मारपीट की गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### रोषः सड़क से संसद तक की लड़ाई के लिए कांग्रेसियों ने भरी हुंकार

# भृत्य के हाथों विधायक को भेजा आमंत्रण, उपेक्षा पर बिफरे कांग्रेसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भृत्य के हाथों विधायक को भेजे गए लोकार्पण समारोह के आमंत्रण पत्र और कार्यक्रम के ठीक 2 घंटे पहले सीएमओ द्वारा जानकारी दिए जाने को खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने निर्वाचित जनप्रतिनिधि की उपेक्षा और प्रोटोकॉल का पालन नही किए जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई है।

शनिवार को स्थानीय राजीव भवन में इस संबंध में प्रेस वार्ता में विधायक द्वारिकाधीश यादव, पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर एवं जिलाध्यक्ष डॉ. रश्मि चंद्राकर सहित कांग्रेसजनों ने स्पष्ट किया कि सत्तापक्ष के दबाव में कार्य कर रहे अफसरों के खिलाफ सड़क से संसद तक की लड़ाई लड़ी जाएगी। पूरा मामला बागबाहरा शहर में बनकर तैयार हुए इंडोर स्टेडियम के लोकार्पण से जुड़ा है जिसे गुपचुप तरीके से सत्तापक्ष के दबाव में आकर इरादतन अवमानना किए जाने का आरोप लगाते हुए सीएमओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया गया। प्रेस वार्ता में विधायक यादव ने बताया कि नगर पालिका से इंडोर स्टेडियम के विषय में जानकारी ली गई तो बताया गया कि इंडोर स्टेडियम का उद्घाटन मुख्यमंत्री के द्वारा किया जाएगा, इसके लिए जानकारी संचालनालय भेजी जा चुकी है। उसके बाद जानकारी दी गई कि खेल मंत्री के द्वारा इसका उद्घाटन की बात कही गई फिर मंत्री के ना आने पर महासमुंद सांसद के हाथों से इस इनडोर स्टेडियम का उद्घाटन कराया गया।

यादव ने कहा कि लोकार्पण पर कोई आपत्ति नही है। लेकिन, उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता के लिए निर्वाचित जनप्रतिनिधि को को एक भृत्य के हाथों निमंत्रित किया जाना, फिर उद्घाटन कार्यक्रम के 2 घंटे पहले सीएमओ के द्वारा फोन पर जानकारी दिए जाने पर एतराज व्यक्त किया। उन्होनें कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के निर्वाचित जनप्रतिनिधि को अपमानित करने का सीधा-सीधा प्रयास है। उन्होंने कहा है कि इसकी शिकायत विधानसभा अध्यक्ष, मुख्य सचिव एवं कलेक्टर को लिखित शिकायत दी जाएगी।



#### लंबे समय से आ रही थी मांग

बागबाहरा में इनडोर स्टेडियम का निर्माण हुआ है। जिसको खिलाड़ियों के उपयोग के लिए प्रारंभ किए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। किंतु नगर पालिका बागबाहरा के सीएमओ के द्वारा इस विषय में ध्यान नहीं दिया जा रहा था।

#### सत्ता पक्ष का दबाव है अफसरों पर: विनोद

पूर्व विधायक विनोद चंद्राकर ने कहा कि कांग्रेसी विधायकों के मौलिक अधिकार का हनन इस भाजपा सरकार में नजर आ रहा है। अधिकारी अपना काम बेहतरी और नियम पूर्वक करें। लेकिन, सत्ता पक्ष के दबाव के चलते वे कांग्रेसी जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने के आमादा हैं।

# सेहत से न हो खिलवाड़ इसलिए जांची जा रही मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

दीपावली में मिठाई समेत अन्य खाद्य सामग्रियों में मिलावट की आंशका के चलते इन दिनों जिले में खाद्य व औषधि प्रशासन विभाग होटलों, मिठाई दुकानों और किराना दुकानों से खाद्य सामग्रियों का लगातार सैंपल ले रहा है। जिसे जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा जा रहा है।

बता दें कि दीपावली के लिए अब मात्र 5 ही दिन शेष है। खपत अधिक होने से मुनाफा कमाने के चक्कर में दुकानदार खाद्य सामग्रियों में मिलावट करने से परहेज नहीं करते ऐसे में यह खाद्य सामग्री स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है। शहर के अधिकांश मिठाई दुकानों की में मिठाइयों में न एक्पायरी डेट है और न ही बेस्ट बिफोर का डिस्प्ले बोर्ड जिससे यह पता चल सके कि कौन सी मिठाई कब बनी और कब तक इसका उपयोग किया जा सकता है। दीपावली के लिए एक-दो दिन शेष रहने पर मिठाई दुकानों में तरह-तरह की मिठाईयों की दर्जनों वैरायटी देखने को मिलेगी,पर वह आपके स्वास्थ्य के लिए कितनी सुरक्षित हैं इसकी कोई गारंटी नहीं है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति भानु ने बताया कि दीपावली के चलते विभिन्न खाद्य सामग्री की जांच कर सैंपलों को प्रयोगशाला भेजा जा रहा है जिसकी रिपोर्ट आने में कम से कम 14 दिन लगेंगे। जिले में चलित खाद्य प्रयोगशाला में जांच की जा रही है।



#### वामा डेयरी में छापामार कार्रवाई

छत्तीसगढ़ सहित अन्य प्रदेशों में 'गाया' ब्रांड नाम से दूध व दूध उत्पाद बेचने वाली वामा डेयरी के तुमगांव फैक्ट्री में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के उड़नदस्ता टीम ने छापामार कार्रवाई की। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की राज्य स्तरीय टीम एवं जिला के अधिकारियों सहित कुल 06 सदस्यीय उड़नदस्ता टीम ने फैक्ट्री में जांच कार्रवाई करते हुए वामा डेयरी के फैक्ट्री से पनीर एवं पेड़ा मिठाई के सैंपल लिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग रायपुर के सहायक आयुक्त नीतेश मिश्रा ने बताया कि इस समय छोटे विक्रेताओं ने निवेदन किया था कि सीधे फैक्ट्रियों के उत्पादन स्थल से खाद्य पदार्थों का सैंपल लेकर लैब में जांच कराई जाए। इसी कड़ी में बड़े उद्योगों की जांच करने वाली राज्य स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने गाया ब्रांड के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा है।

# शासकीय पॉलिटेक्निक के एनएसएस का विशेष जागरुकता कार्यक्रम आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासकीय पॉलीटेक्निक के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के वॉलंटियर्स द्वारा युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की पहल दिवाली विद माय भारत थीम के अंतर्गत विभिन्न जागरुकता और सेवा कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ये कार्यक्रम 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक प्राचार्य इंजीनियर चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर के सहयोग से संचालित होंगे। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में स्वच्छता, यातायात जागरूकता, और सेवा भाव को बढ़ावा देना है ताकि नागरिकों को एक सुरक्षित, स्वस्थ और आनंदमय दिवाली का अनुभव हो सके।

स्वच्छता और जागरूकता अभियान 27 अक्टूबर को व्यापारी बाजार एवं सब्जी मंडी महासमुंद होंगे। जहां एनएसएस वॉलंटियर्स बाजार क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। इस अभियान का उद्देश्य बाजार में स्वच्छ वातावरण बनाए रखना और लोगों को सफाई के प्रति जागरूक करना है।



सेवा से सीखे - अस्पताल कार्यक्रम 28 अक्टूबर को जिला चिकित्सालय महासमुंद होंगे। जहां इस विशेष कार्यक्रम के तहत वॉलंटियर्स मरीजों के साथ समय बिताएंगे, उन्हें दिवाली के अवसर पर अकेलापन महसूस न हो, इसके लिए हरसंभव मदद और सहयोग प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम समाज में करुणा और सहानुभूति का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यातायात प्रबंधन में सहयोग कार्यक्रम 29 अक्टूबर को बरोंडा चौक एवं गोल बाजार चौक महासमुंद में होंगे। जहसं एनएसएस वॉलंटियर्स, जिला यातायात पुलिस के साथ मिलकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने में सहयोग करेंगे। इस अभियान के माध्यम से वॉलंटियर्स आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करेंगे और सुरक्षित यात्रा का संदेश देंगे।

# चखना सेंटर के पास मारपीट, चाकूबाजी

**महासमुंद**। सरायपाली में एक चखना सेंटर के पास तीन लोगों ने जमकर उत्पात मचाया, वहां मौजूद लोगों पर चाकू से हमला करते हुए मारपीट की। रिपोर्ट पर सरायपाली पुलिस विवेचना में जुटी है। सरायपाली पुलिस ने बताया कि तुलाराम रात्रे ग्राम बालसी 25 अक्टूबर को देशी शराब दुकान सरायपाली से शराब लेकर वापस अपने घर जा रहा था। कार्तिक बारी के चखना दुकान के पास रात करीब 10 बजे रूका था, तभी इस्लाम मोहल्ला सरायपाली के तीन लड़के दीपक डडसेना, शेख तस्लीम एवं करण भोई आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज करने से मना करने पर दीपक डडसेना ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार चाकू से प्राणघातक हमला कर चाकू से सीने के पास एवं पेट के पास हमला कर दिया। इस दौरान आरोपी के साथी शेख तस्लीम एवं करण भोई ने हाथ मुक्का से मारपीट की। इसी दौरान वहां मौजूद मुकेश दुबे जब बीच बचाव करने आया तो उसे भी दीपक डडसेना ने चाकू से प्राणघातक हमला कर उसके बायें पसली के पास चोट पहुंचाया। इसके बाद मारपीट कर मोटर सायकल से तीनों आरोपियों ने सरायपाली की ओर भागते समय वहां पर उपस्थित सूरज सोनवानी, पंकज बेहरा, पंकज सोना एवं सुनील साहू के साथ भी एक राय होकर मारपीट कर चाकू से वार कर चोट पहुंचाया। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 109, 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।



### रेत का अवैध परिवहन करते 7 ट्रैक्टर जब्त

**महासमुंद**। रेत के अवैध परिवहन करने वालों के विरुद्ध कठोर एवं सतत कार्रवाई करने के कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देश के तहत उमेश कुमार साहू एसडीएम बाग़बाहरा के मार्गदर्शन में शनिवार 26 अक्टूबर को सुबह 7 बजे तहसील कोमाखान अंतर्गत ग्राम सिवनीकला में 7 ट्रैक्टरों को जब्त किया। कांदाजरी नदी में तहसीलदार कोमाखान हरीश ध्रुव ने औचक छापेमार कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन करते 7 ट्रैक्टर को मौके में जब्त कर थाना प्रभारी कोमाखान को सुपुर्द किया गया। कलेक्टर के आदेशानुसार बागबाहरा एवं कोमाखान तहसील में खनिज के अवैध खनन और परिवहन पर लगातार कठोर कार्रवाई किया जाएगा।

### देशी प्लेन व महुआ शराब जब्त, दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद**। ग्राम परसदा से सात हजार रुपए अधिक का देशी प्लेन शराब जब्त कोतवाली पुलिस ने किया है। मामले में दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति व्यक्ति परसदा से तमोरा जाने वाले रास्ता रोड किनारे में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे हैं। मौके पर पहुंचकर दो व्यक्ति को शराब रखे हुए मिले, जिन्होंने अपने नाम कृतिराम पिता दाऊलाल दीवान (39 वर्ष) परसदा, विष्णु निषाद पिता जगत निषाद (65 वर्ष) लभराकला बताया आरोपियों की तलाशी लेने पर कुल 87 पौवा यूनिक देशी प्लेन मदिरा कीमत 7830 रुपए एवं एक सफेद रंग की बोरी में पारदर्शी पॉलीथिन पाउंच में भरा हुआ हाथ भट्टी से निर्मित महुआ शराब प्रत्येक पाउंच में 1000 एमएल कुल 10 पाउंच में 10000 एमएल कीमत 2000 रुपए को बरामद किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया।


पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969


## खबर संक्षेप



### महिला की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए किया सहयोग

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड नं 12 संवरा डेरा में एक महिला की अचानक स्वास्थ्य खराब होने के कारण मृत्यु हो गई। वर्तमान में उस परिवार के पास न ही आधार कार्ड है न ही राशनकार्ड और न पासबुक। किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज नहीं होने के कारण उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाया। मृतक के ससुर चमरू और उसके पुत्र राजा द्वारा पार्षद सभापति धर्मेंद्र यादव को अपनी परिस्थितियों से अवगत कराया। जिस पर अंतिम संस्कार के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल, सभापति धर्मेंद्र यादव ने आर्थिक सहायता, चावल, सब्जी व अन्य सामग्री देकर सहयोग किया। इस अवसर पर यादव समाज के पूर्व अध्यक्ष पूर्व पार्षद पुष्कर यादव, द्रोणाचार्य साहू, डोमार पटेल, भुनेश्वर साहू, हेमंत धीवर, रामचंद्र पटेल आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा के विपिन उपोवेजा को संगठन चुनाव अधिकारी नियुक्त



**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024 के संगठन चुनाव कराने के लिए जिला संगठन चुनाव अधिकारी व सह चुनाव अधिकारी की नियुक्ति की गई है। उसी के तहत सरायपाली निवासी भाजपा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विपिन उबोवेजा को जिला सह संगठन चुनाव अधिकारी की नियुक्ति प्रदेश संगठन द्वारा किया गया है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है।





### बिरकोनी स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला बिरकोनी में न्योता भोज का आयोजन किया गया। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष पोषण साहू और उपाध्यक्ष ओंकार पटेल, एसएमसी सदस्य हर्षवर्धन अशोक साहू, डोमन साहू, पंचायत प्रतिनिधि त्रिपदा चंद्राकर, जमोत्री प्रेमलाल निषाद एवं सभी पालक सदस्य उपस्थित थे। एसएमसी द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें खीर, पूड़ी, केला वितरण किया गया। संस्था के वरिष्ठ शिक्षक धनेश्वरी प्रजापति, मुकेश प्रजापति, मेघा ध्रुव और संगीता साहू विशेष सहयोग रहा।

**आयोजन:** तीसरी, छठवीं, नवमीं के लिए परख परीक्षा हुई

# सावित्रीपुर स्कूल में परख परीक्षा से जांचा गया शिक्षा का स्तर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद नई दिल्ली द्वारा देश के सभी राज्यों में परख परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत 26 अक्टूबर शनिवार को सावित्रीपुर के प्राइमरी, मिडिल, हाईस्कूल में भी कक्षा तीसरी, छठवीं, नवमी के लिए परख परीक्षा का आयोजन किया गया। संस्था के प्राचार्य प्रसाद सिदार ने बताया कि यह परीक्षा ओएमआर शीट पर कराई गई है। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के शिक्षा का स्तर जांचना है। मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक एसएल पटेल ने कहा कि परख परीक्षा से स्कूल के छात्रों में



भाषा, गणित, विज्ञान की दक्षता को परखा जाएगा और यह परीक्षा न केवल छात्रों की तालीम स्तर बताएगी, बल्कि शिक्षकों के शिक्षण कौशल और स्कूलों के मूल्यांकन का भी पैमाना साबित होगी। प्राइमरी स्कूल के प्रधान पाठक महेंद्र टांडी ने बताया कि परीक्षा का मकसद राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्रों की दक्षता का आकलन करना है। यह परीक्षा एक तरह का सर्वे है, जिसके जरिए छात्रों की प्रारंभिक शिक्षा स्तर और उपलब्धि के स्तर का जायजा लिया जाएगा। सावित्रीपुर संकुल समन्वयक पीएल चौधरी ने बताया कि परख परीक्षा परिणाम के आधार पर ही शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए जो कार्यक्रम इस संकुल में चलाए जा रहे हैं उसकी समीक्षा की जाएगी उसी के आधार पर आगे की नीति तैयार की जाएगी। परीक्षा विभाग के मुखिया बीडी साहू ने बताया कि परख परीक्षा में कक्षा नवमी से 51 कक्षा छठवीं से 35 कक्षा तीसरी से 14 छात्रों ने परख परीक्षा दी एवं विकासखंड स्रोत केंद्र समग्र शिक्षा पिथौरा द्वारा परख परीक्षा के सफल संचालन के लिए नितेश साहू एवं सोमनाथ चौहान को सावित्रीपुर संकुल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया था।

# आदिवासी छात्रावास में रह रहे बच्चों को मिले ट्रैक सूट और जूते



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिला मुख्यालय में संचालित प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महासमुंद में छात्रावासी बच्चों के दिवाली त्योहार के पूर्व अधीक्षक द्वारा ट्रैक शूट और जूता का वितरण किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभाग के द्वारा संचालित प्री मैट्रिक छात्रावास और आश्रमों में प्रतिवर्ष छात्रावासी बच्चों को शिष्यवृत्ति की बच्चा राशि के कॉपी, किताब, पेन, स्कूल बैग, जूता, मोजा, ट्रैकशूट आदि आवश्यक चीजें प्रदाय करने का पिछले वर्ष से प्रावधान है, जिसके अंतर्गत पूरे सत्र के दौरान बीच में बचत राशि के अनुसार सामग्री का वितरण किया जाना होता है। शासन की इस निर्देश के पालन में प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महासमुंद के बच्चों को संस्था के अधीक्षक मदन कुमार चौधरी द्वारा दिवाली के पूर्व जूता मोजा और ट्रैक शूट का वितरण किया गया।

छात्रावासी में दूरस्थ पिछड़े अंचलों के बच्चे आकर निवास करते है और यही रहकर आसपास की स्कूलों में अपना शिक्षा प्राप्त करते है, ऐसे में बच्चों को छात्रावास में रहने खाने के साथ ही साथ इस तरह आवश्यकता की सामग्री भी मिलने से आजकल सभी छात्रावासी बच्चों में सकारात्मक विचार बने रहते है साथ ही छात्रावास में रहकर अच्छी पढ़ाई करने की प्रेरणा भी प्राप्त होती है। प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास महासमुंद के अधीक्षक द्वारा प्रतिदिन शाम को बच्चों की सामान्य ज्ञान संबंधी जानकारी भी दी जाती है।

# आप ने तेंदूपत्ता फंड मुंशी संघ के आंदोलन को दिया समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष

- **भाजपा के शासनकाल में घोषणा के बाद भी अमल नहीं**



राकेश झाबक ने तेंदूपत्ता फंड मुंशी संघ द्वारा अपनी मांगों के लिए किए जा रहे आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा है कि भाजपा के शासनकाल में 25000 रुपए वार्षिक मानदेय देने की घोषणा की गई थी, लेकिन, इस पर आज तक अमल नहीं हुआ। 11000 मुंशी इसके लिए क्रमबद्ध आंदोलन करेंगे। जितने भी गरीब वर्ग के कर्मचारी है, आज फॉरेस्ट का दैनिक वेतन कर्मचारी का पैसा भी दीपावली के पहले कहा गया था। लेकिन, कल तक के उन्हें पिछले 8 महीने का पैसा भी नहीं मिला है। मामले को लेकर डीएफओ राजपूत का कहना है कि सर्वर प्रॉब्लम है, पैसा मिल जाएगा। वहीं, लिपिक वर्ग कर्मचारी ने भी रैली निकाली है, और वेतन विसंगति एवं 5 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा है। आज सरकार जीएसटी एवं अन्य माध्यम से करोड़ों अरबों रुपए कमा रही है, लेकिन पिछले कई वर्ष से भाजपा और कांग्रेस दोनों ने शासन किया है, लेकिन हर बार सिर्फ इन छोटे वर्ग के कर्मचारी मुंशी दैनिक वेतन भोगी के लिए शासन के पास पैसा नहीं रहता है। बड़े-बड़े कार्यक्रम करने के लिए लाखों करोड़ रुपए कहां से आ जाता है, आज अगर छोटे कर्मचारी सब खुश रहेंगे। समय पर भुगतान होगा। अच्छे मानसिकता से कार्य करेंगे और उससे प्रदेश और देश का ही विकास होगा। भारत का सबसे बड़ा पर्व दीपावली का पर्व है और 8 माह से अगर पेमेंट नहीं मिलेगा तो लोग दीपावली कैसे मनाएंगे।

# महाविद्यालय में जनजातीय गौरव अतीत के थीम पर विविध प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई के मार्गदर्शन एवं मेघनाथ सिदार संयोजक जनजातीय अतीत गौरव के निर्देशन में विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस जनजातीय अतीत गौरवशाली ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्कृति एवं परम्परा पर रंगोली, निबंध, लेखन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए रंगोली प्रतियोगिता के प्रभारी दीपक कुमार एवं



डॉ.राधेश्याम पटेल, निबंध प्रतियोगिता के प्रभारी यूके बरिहा एवं अनिल तांडी और चित्रकला प्रतियोगिता के प्रभारी सत्यप्रकाश खरबंदे एवं पूजा सोनी को नियुक्ति किया गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशबू, अंजलि एवं संगीता एमकाम प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय स्थान ममता चौधरी एवं साहेबा बानो एमए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान एवं तृतीय स्थान पर उषा साहू एवं झरना प्रधान रहे। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गायत्री मिश्रा एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान पायल साहू एमए प्रथम सेमेस्टर राजनीति विज्ञान एवं तृतीय स्थान सरोज निषाद पीजीडीसीए रहे। चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गिरी लाल सागर एमए भूगोल तृतीय सेमेस्टर, द्वितीय स्थान जय कृष्ण सुरजाल एमएससी प्राणी शास्त्र तृतीय सेमेस्टर एवं दिव्या वर्ग एमए तृतीय सेमेस्टर भूगोल एवं रोशनी बंछोर बीएससी भाग दो तृतीय स्थान प्राप्त किया। जनजातीय गौरवशाली अतीत के ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक संस्कृति एवं परम्परा पर आधारित यह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिकता प्रदान की।

# गुडशेफर्ड स्कूल में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

पुण्यश्लोक देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती वर्ष में महिला समन्वय समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा उनके जीवनकाल के विभिन्न कालखंडों का पुण्यस्मरण कर संगोष्ठी का आयोजन 26 अक्टूबर को किया गया। मां सरस्वती की पूजार्चना पश्चात प्रारंभ हुए कार्यक्रम में गुडशेफर्ड स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा अहिल्याबाई होल्कर की जीवन से संबंधित कविता, गीत और चित्र पेंटिंग की प्रस्तुति दी गई। समन्वय समिति की संरक्षक अनिता जी रावटे ने लोकमाता अहिल्याबाई बाई होल्कर को महिलाओं का प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि अपने परिवारिक जिम्मेदारियों के बीच अहिल्याबाई होल्कर ने समाजसेविका और



कुशल प्रशासक की भूमिका को बखूबी निभाया है। मानव जाति के कल्याण और धर्म स्थापना के लिए उन्होंने तीर्थ स्थानों में मंदिर, तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए कुओं, बावड़ी का निर्माण अपने राज्य की सीमाओं से बाहर भी करवाया था। संरक्षक सुजाता विश्वनाथन ने भी महिला शक्तिकरण की प्रतीक देवी अहिल्याबाई होल्कर के योगदान का वर्णन करते हुए कहा कि लोकमाता अदम्य साहसी और वीरांगना महिला थी, जिन्होंने अपने कुशल राज प्रबंधन क्षमता का परिचय देते हुए अपनी हर दायित्वों का कुशलता से निर्वहन किया। समन्वय समिति की सह संयोजिका मीना वर्मा और मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि पुण्यश्लोक अहिल्याबाई होल्कर जैसी प्रेरणादायक मातृशक्ति से समस्त महिला वर्ग को प्रेरणा लेते हुए अपने दैनिक जीवन की जिम्मेदारीयों के साथ कुछ समय अपने क्षेत्र में अन्य समाजसेवा और जनहित के कार्यो के लिए देना आवश्यक है। होल्कर की 300वी जन्मशताब्दी वर्ष में आगामी मई 2025 तक होने वाले विभिन्न आयोजन में उनके कार्यो और विचारों और जीवनकाल की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचा सके तभी जयंती वर्ष सार्थक होगा। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारी पार्वती साहू, सह संयोजिका हेमकांति देवांगन, सुनिता साहू सहित गुड शेफर्ड स्कूल के शिक्षकगण और बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# कॉलेज में छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के समस्त छात्र-छात्राओं के लिए विभागीय प्रश्न मंच (सामान्य ज्ञान) प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुसुइया अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं डॉ. मालती तिवारी विभाग अध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग के निर्देशन में तथा केसर चंद्र बनपाल सहायक प्राध्यापक व विजय कुमार मिर्चे की उपस्थिति में किया गया।

प्रश्न मंच में पाश्चात्य एवं भारतीय राजनीतिक चिंतकों, सामान्य ज्ञान छत्तीसगढ़, लोक प्रशासन, भारतीय संविधान, स्थानीय स्वशासन, शोध प्रविधि, अंतरराष्ट्रीय राजनीति एवं समसामयिक विषयों से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रश्न का स्वरूप बहु वैकल्पित रहा, जिसमें चार विकल्प दिए गए थे, जिसमें से एक सही उत्तर अंकित था।

यह प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं में प्रतियोगी परीक्षाओं के भय से मुक्ति एवं परीक्षा के समय होने वाले मानसिक तनाव से दूर रहने के लिए प्रत्येक वर्ष आयोजित किया जाता है। इस अवसर पर तृतीय सेमेस्टर से जानू परवीन, टिकेश्वरी नेताम, मोनिका, गोपी सिन्हा, पूनम पटेल, हीना साहू, युवराज साहू, अनिशा मिंज़ तथा प्रथम सेमेस्टर से पंकज, मनोहर, उपेंद्र पटेल, पूजा, ममता, मायावती, प्रियंका, जानकी, आरती प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयीन कर्मचारियों को सम्मान राशि व मिठाई भेंट



**बागबाहरा।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यालय संचालन समिति सागरचंद अग्रवाल स्मृति शिक्षा समिति द्वारा समस्त विद्यालयीन कर्मचारियों को दीपावली पर सम्मान राशि एवं मिठाई व्यवस्थापक राहुल अग्रवाल ने भेंट की। सागरचंद अग्रवाल स्मृति शिक्षा समिति बागबाहरा द्वारा परिवार भाव का दृष्टिकोण रखते हुए अपने विद्यालयीन कर्मचारियों को प्रतिवर्ष सम्मान राशि भेंट किया जाता है।

# बैगलेस डे पर छात्राओं ने छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक सुआ नृत्य की दी प्रस्तुति

**बिरकोनी।** शासकीय प्राथमिक शाला अछरीडीह में बैगलेस डे गतिविधि के अंतर्गत दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में सुआ नृत्य का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदन गीत में छात्राओं ने विभिन्न पोशाकों में तैयार होकर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक सुआ नृत्य किया। प्रधान पाठक ईश्वर साहू ने बताया कि प्रत्येक शनिवार शाला में बैगलेस डे दिवस का आयोजन किया जाता है तथा प्रत्येक शनिवार मुस्कान पुस्तकालय, विभिन्न खेलकूद , गीत कविता, स्वच्छता, योगाभ्यास आदि गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। जनभागीदारी अध्यक्ष राकेश जांगड़े ने विद्यार्थीयों को प्रोत्साहित किया। मंच संचालन शिक्षक चंद्रहास साहू ने किया। शिक्षक खिलेश सोनबेर व राजेंद्र हनुमंता ने



दीपावली पर्व के बारे में जानकारी दी तथा सावधानी पूर्वक त्यौहार मनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष राकेश जांगड़े, प्रधान पाठक ईश्वर साहू, शिक्षक खिलेश सोनबेर, चंद्रहास साहू, राजेंद्र हनुमंता, उषा पुरेना, कुमारी बाई पुरेना, टामिन बाई पुरेना सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# पॉलीटेक्निक में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शासकीय पॉलीटेक्निक में रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती के उपलक्ष्य में जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय के योगदान को सम्मानित किया गया। यह आयोजन जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है, जो पूरे राज्य में जनजातीय समुदाय की महान परंपरा और गौरव को समर्पित है।

कार्यक्रम का शुभारंभ मा सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कमलेश ध्रुव प्रांतीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवा विकास संघ ने जनजातीय समूह के गौरवशाली इतिहास को छात्रों के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने जनजातीय समुदाय की असाधारण सांस्कृतिक धरोहर और उनके संघर्षों पर प्रकाश डालते हुए, छात्रों को अपनी संस्कृति और इतिहास के प्रति गर्व महसूस करने का संदेश दिया।

विशिष्ट अतिथि एसपी ध्रुव सहसचिव छत्तीसगढ़ अज़ाक्स ने भी अपने विचार साझा करते हुए



उन्होंने छात्रों को बताया कि जनजातीय समुदाय ने न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि पूरे भारत के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके विचारों ने छात्रों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने और समाज के प्रति अपने दायित्व को समझने की प्रेरणा दी। सामाजिक कार्यकर्ता गुलाब ठाकुर ने अपने वक्तव्य में महान स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बिरसा मुंडा के संघर्षों, उनके त्याग और बलिदान के बारे में बताया और यह संदेश दिया कि बिरसा मुंडा जैसे महान नायकों की प्रेरणा से हमें अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए।

समारोह की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य इंजीनियर चंद्रिका विश्वकर्मा ने की। इस अवसर पर संयोजक नीलकमल साहू, सह-संयोजक युधिष्ठिर प्रधान, एनएसएस प्रभारी सालिक राम ढीमर, डॉ. नंदिता गुप्ता, स्वाति कुमारी, शारदाचरण गुप्ता, आनंद साहू, डॉ वीनू चंद्राकर, वैभव वर्मा एवं समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं ने विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों के लिए भाषण, चित्रकला, रंगोली, और निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी सृजनशीलता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समारोह के समापन में प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए जनजातीय समुदाय के इतिहास और उनकी संघर्ष गाथाओं से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि जनजातीय समुदाय का योगदान न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि संपूर्ण भारत के विकास में अतुलनीय है। अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

